Title: Need to establish Krishi Vigyan Kendra early in Hamirpur constituency of Himachal Pradesh.

श्री सुरेश चन्देल (हमीरपुर, हि.प्र.) : मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान अपने लोक सभा क्षेत्र की तरफ खींचना चाहता हूं। मेरा लोक सभा क्षेत्र कृषि की दृष्टि से पिछड़ा हुआ क्षेत्र है। इसका मूल कारण है कि वहां अनुसंधान की जितनी जरूरत थी, अभी तक उतने अनुसंधान की व्यवस्था नहीं हो पाई है विशेषकर बिलासपुर जिले में, जहां पर कोई भी कृषि विज्ञान केन्द्र अभी तक नहीं खुला है। वहां पर लोग अभी तक परम्परागत कृषि के तरीकों पर निर्भर हैं।

मेरा आपके माध्यम से निवेदन है कि जल्द से जल्द वहां पर कृषि विज्ञान केन्द्र की स्थापना कराई जाये ताकि नये-नये अनुसंधान का लाभ वहां के किसान उठा सकें। जब मैं बारहवीं लोक सभा में था तब तत्कालीन कृषि मंत्री श्री सोमपाल जी ने मुझे सूचित किया था कि वहां पर एक कृषि विज्ञान केन्द्र खोला जायेगा। उसकी स्वीकृति की जानकारी भी मिली थी लेकिन लोक सभा भंग हो गई। मेरा कहना है कि वह केन्द्र अभी तक नहीं खुल सका है।

मेरी आपके माध्यम से पुनः मांग है कि वहां के किसानों के साथ न्याय की दृष्टि से वहां जल्दी से जल्दी कृषि विज्ञान केन्द्र स्थापित हो ताकि वे आधुनिक तरीके से कृषि कर सकें।